>

Title: Need to check deforestation and prtoect trees in Betal, Madhya Pradesh.

श्री दुर्गा दास डी.डी. उइके (बैतूल): परम श्रद्धेय अध्यक्ष महोदय, सादर अभिवादन । मैं आपके माध्यम से लोक सभा में प्रथम बार भावाभिव्यक्ति का सुअवसर प्राप्त हुआ है । मैं अपने लोक सभा क्षेत्र के भाइयों और बहनों व युवा साथियों के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ, जिनकी कृपा से यह पावन अवसर उपलब्ध हुआ है । मैं माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय श्री अमित शाह जी के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिनकी कृपा से यह मार्ग प्रशस्त हुआ है ।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से लोक हित के मुद्दे को सदन के पटल पर प्रस्तुत कर रहा हूँ । बैतूल हरदा हरसूद लोक सभा क्षेत्र मध्य प्रदेश का जनजाति बहुल जिला है । बैतूल जिले को भारत माता की हृदय स्थली भी कहा जाता है । यह जिला कभी सघन वनों से आच्छादित था । इमारती लकड़ियों, वन औषधियों एवं वन उपजों के लिए प्रसिद्ध है । आदिवासी भाइयों और बहनों का आर्थिक जीवन इन्हीं पर आश्रित रहा है । किन्तु जिस निर्ममता और बर्बरतापूर्वक वनों की कटाई हुई है, वन सम्पदा को भारी क्षति पहुंचाई गई है, उसके कारण क्षेत्र में प्राकृतिक असंतुलन की स्थितियाँ निर्मित हुई हैं । आदिवासी समाज पलायन के लिए मजबूर हुआ है । मैं **10** वर्षों तक मेरे लोक सभा क्षेत्र में शासकीय, अशासकीय स्तर पर वनों की कटाई पर रोक लगाने हेतु विनम्र अनुरोध करता हूँ, ताकि प्राकृतिक रूप से वनों का संरक्षण अभिवर्धन हो सके ।